Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding need to improve BSNL Services in Uttarakhand especially in Garhwal Parliamentary Constituency.

श्री तीरथ सिंह रावत (गढ़वाल): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपका आभार प्रकट करता हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया । …(व्यवधान) । मैं उत्तराखण्ड के दूरदराज क्षेत्रों की ओर माननीय संचार मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा । …(व्यवधान) । वहां की संचार व्यवस्था पूरी तरह से डगमगाई हुई है और बीएसएनएल, एयरटेल कई स्थानों पर काम नहीं कर रहा है । संचार व्यवस्था की हालत बहुत खराब है, जिस कारण कई महत्वपूर्ण काम नहीं हो पाते हैं । …(व्यवधान) ।

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, कृपया शांत रहिए और बैठ जाइए ।

श्री तीरथ सिंह रावत : माननीय अध्यक्ष महोदय, इस कारण लोग बहुत परेशान और त्रस्त हैं । समस्या के समाधान हेतु कई बार अधिकारियों से बात करनी पड़ती है, लेकिन वे अपनी बात अधिकारियों तक पहुंचा नहीं पाते हैं । …(व्यवधान) । मुझे कई बार अपने क्षेत्रों में जाना पड़ता है और वहां की जनता मेरे पास अपनी समस्याएं लेकर आती है और तत्काल बात करनी होती है तो अधिकारियों से बात नहीं हो पाती है । यही नहीं, दो-तीन साल पूर्व जब मैं प्रदेश अध्यक्ष था तो मैं पिथौरागढ़ के धारचूला गया था । एक धारचूला नेपाल में भी है । जब मेरी एयरटेल के नेटवर्क से बात हुई तो पिथौरागढ़ की जगह नेपाल के नेटवर्क से कॉल कनेक्ट हो गई और उस कॉल का तीन-चार गुना चार्ज काट लिया गया । …(व्यवधान) ।

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, कृपया बैठ जाइए । आप सब फिर से बोलने लगे । श्री तीरथ सिंह जी के अलावा कोई खड़ा नहीं रहेगा । सब बैठ जाएं । आपस में डिबेट मत करिए ।

श्री तीरथ सिंह रावत : मान्यवर, बाद में कंपनी से शिकायत करनी पड़ी, लेकिन पैसा नहीं लौटाया गया । आज वहां की यह स्थिति है । मेरा यह कहना है कि वहां नए टावर लगवाए जाएं । बीएसएनएल और एयरटेल की कॉलें आपस में क्रॉस होती हैं, इसलिए इस स्थिति को ठीक किया जाए ।

मान्यवर, बद्रीनाथ, केदारनाथ में भी टॉवरों की समस्या है । पूरे देश से हजारों-लाखों यात्री वहां जाते हैं और कभी वहां किसी कारणवश फंस जाने पर सहायता हेतु बात नहीं कर पाते हैं ।

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, आप मुझसे डिबेट करें । कुछ कहना है तो आप मुझसे बात करें।

श्री तीरथ सिंह रावत : अत: मैं आपके माध्यम से माननीय दूरसंचार मंत्री जी से यह कहना चाहता हूं कि वहां के टॉवरों की व्यवस्था ठीक की जाए । संचार की जो लड़खड़ाई हुई गडबड़ व्यवस्था है, उसे ठीक करने का काम किया जाए । विशेषकर बीएसएनएल, जिसकी स्थिति बिल्कुल ठीक नहीं है। बहुत-बहुत धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष: श्री अधीर रंजन चौधरी जी । आप कृपया बोलिए । बाकी सदस्य कृपया सीट पर बैठ जाइए ।

…(व्यवधान)

SHRI T. R. BAALU (SRIPERUMBUDUR): We will not tolerate this. …(*Interruptions*)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): क्या आप लोग जीरो ऑवर में भी मुझे बोलने नहीं देंगे?

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य जीरो ऑवर में बोल रहे हैं, उन्हें बोलने दीजिए ।

…(व्यवधान)

17.35 hrs

At this stage, Shri T.N. Prathapan and some other hon. Members went back to their seats.

… (*Interruptions*)

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, MINISTER OF COAL AND MINISTER OF MINES (SHRI PRALHAD JOSHI): Sir, he cannot speak on it during 'Zero Hour'. … (*Interruptions*) There is a listed business before the House. I appeal to you all that, since the hon. Minister of Law has come from the other House, the subject of increasing the number of judges in the Supreme Court may kindly be taken up and tomorrow, we may have enough discussion on it.…(*Interruptions*)

सुप्रीम कोर्ट जजेज़ की संख्या बढ़ाना चाहते हैं, क्या आप ऐसा नहीं चाहते हैं? …(व्यवधान) इसमें क्या प्रॉब्लम है ।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी, मैंने इनको ज़ीरो ऑवर में बोलने की परमिशन दे दी है ।

…(व्यवधान)

श्री प्रहलाद जोशी : इसको बाद में ले लीजिए ।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी, मैंने अधीर रंजन जी को बोलने की परमिशन दी है ।

श्री अधीर रंजन चौधरी ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप लोग बैठ जाइए, आप लोगों को भी बोलने का मौका दूंगा ।

…(व्यवधान)